卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 119 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦6 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हंगामे के बीच यूसीसी विधेयक सदन में पेश







देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हंगामे के बीच विधानसभा में समान नागरिक संहिता उत्तराखंड 2024 विधेयक पेश किया। विधेयक पेश होने के बाद विधानसभा में विधायकों ने 'वंदे मातरम और जय श्री राम' के नारे लगाए गए। उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पटल पर रखा। इस दौरान विपक्षी विधायक लगातार हंगामा करते रहे। नेता प्रतिपक्ष ने भी इस पर सवाल उठाए। समान नागरिक संहिता अध्ययन करने के लिए 2 बजे तक सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी गई। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में यह तय हुआ कि सदन में सारे काम छोड़कर सिर्फ यूसीसी पर चर्चा होगी। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अध्यक्षता में हुई कार्यमंत्रणा बैठक में तय हुआ कि इस दौरान प्रश्नकाल और कार्यस्थगन तक नहीं होगा। यूसीसी पर चर्चा के साथ ही राज्य आंदोलनकारियों के आरक्षण पर प्रवर समिति की रिपोर्ट को पटल रखा जाएगा। इससे नाराज नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कार्यमंत्रणा समिति से इस्तीफा दे दिया। विपक्ष की मांग की थी कि यूसीसी पर चर्चा के लिए समय दिया जाए। यूसीसी बिल को लेकर उत्तराखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हम लोग इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। बल्कि हम तो चाहते हैं कि सदन संवैधानिक (शेष पृष्ठ 7 पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने साईकिल के साथ सड़क पार कर रहे श्रमिक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार गदरपुर रोड भगवानपुर निवासी 55 वर्षीय दशरथ पुत्र बंगाली गत शाम रूद्रपुर में मजदूरी कर साईकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह घर के पास ही सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से जा रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में दशरथ को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिले पर उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल हरीश सेमवाल ने चिकित्सालय पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## दुकान में भड़की आग,लाखों की क्षति



हल्द्वानी(उद संवाददाता)।शहर के पॉश इलाके हीरानगर में स्थित कपड़े की दुकान वीनस ट्रेडर्स में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। दुकान में आग लगते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोंगो ने दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही हैं। वहीं आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। हल्द्वानी के हीरानगर स्थित वीनस ट्रेडर्स की दुकान और गोदाम आवासीय मकान के दो मंजिल पर है। सुबह सुबह दुकान और गोदाम से धुआं निकलते देखकर यहां लोगों ने इसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान का सब सामान जलकर राख हो गया था। मौके पर पहुंची हीरानगर पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आग से लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं आग लगने की सूचना(शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से बुलाकर युवकों ने किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि युवक को फोन का घर से बुलाकर कुछ युवकों ने उस पर धारदार व घातक हथियारों से हमलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। तुलसी पत्नी महेन्द्र सिंह चिलवाल निवासी प्रेमनगर अटरिया मंदिर, वार्ड 6 का कहना है कि उसका पुत्र आशु चिलवाल ताइकवाडो की तैयार करता है। हर रोज की तरह गत रात्री में घर के बाहर टहलने गया। पुत्र का 10:30 बजे तक इंतजार करते हुए सो गयी। मध्य रात्री 1 बजे कोई व्यक्ति उसके पुत्र आशु को घर पर खून (शेष पृष्ठ सात पर)

## तमंचे की नोक पर प्रोपर्टी डीलर से हजारों की लूट

### दबंगों ने बंधक बनाकर जबरन चेक भी लिये



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूखण्ड खरीदने के नाम पर बुलाकर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रोपर्टी डीलर से हजारों की नदी लूट ली और उससे घर से दो चौक मंगवाकर रकम भरकर हस्ताक्षर करवा लिए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखे शिकायती पत्र में छेदा लाल शर्मा पुत्र टीका राम शर्मा निवासी जनपथ फेस-2 फुलसुंगा, रुद्रपुर, ने कहा है कि उसके मकान के भूतल पर निर्मित दुकान में उसकी प्रोपटी डीलर की फर्म मैसर्स जय माँ दुर्गा के नाम से है। 4 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे अज्ञात मोबाईल नम्बर से फोन आया, फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि उसे एक 100 वर्ग गज भूखण्ड का क्रय करना है। उसे फुलसुंगा स्थित मारूति कुंज में बुलाया। थोड़ी ही देर में वह अपनी मोटर साईकिल से अकेला मारूति कुज पहुंच गया। जहाँ पर उक्त व्यक्ति पहले से बूलेट लेकर अकेला खडा था। उसके पहुंचने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि उसके पास एक प्लाट है अगर ऐसी ही लोकेशन का प्लाट मिल जायें, तो वह क्रय लेगा तथा उसे अपने साथ चलने के लिए कहने लगा। छेदालाल का कहना है वह उस व्यक्ति की बातों में आ गया तथा उसके साथ अपनी मोटर (शेष पृष्ठ सात पर)

## ई रिक्शा और ट्रक की भिड़ंत में कई घायल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: सिडकुल क्षेत्र में फैक्ट्री को जा रहे कर्मियों से भरे ई रिक्शा को सामनें से आते ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससें ई रिक्शा में सवार कर्मियों में चीख पुकार शुरू हो गई। दुर्घटना में कई लोगों को चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां कुछ की हालत चिंता जनक देखते हुए परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी । जानकारी के अनुसार राजा कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी 27 वर्षीय रामबाबू अपने ई रिक्शा संख्या यूए 06 ई आर 7296 में गोल मढ़ैया ट्रांजिट कैम्प से सिडकुल कर्मियों को लेकर सिडकुल की ओर रवाना हुआ। जब वह ग्रीन प्लाईवुड के पास पहुंचा तो सामने की दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक संख्या यूके 06 सीए 9880 के अज्ञात चालक ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे वाहन में सवार लोगों में चीख पुकार शुरू हो गई राह गुजरते लोगों ने ई रिक्शा में सवार घायल लोगों को बाहर (शेष पृष्ठ सात पर)

## ज्येष्ठा कालोनी में जल्द दुरूस्त होगी विद्युत व्यवस्था

### भाजपा प्रदेश मंत्री से वार्ता के बाद एसडीओ ने दिया आश्वासन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ज्येष्ठा कालोनी में लम्बे समय से बदहाल विद्युत व्यवस्था अब जल्द ही दुरूस्त होगी। बता दें बदहाल विद्युत व्यवस्था और कालोनाइजर की मनमानी के खिलाफ कालोनी वासी मुखर हो गये थे, उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का भी ऐलान कर दिया था। मंगलवार को इस मामले में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने एसडीओ अंशुल मदान से वार्ता की और समस्या का जल्द जल्द निस्तारण के लिए कहा जिस पर उन्होंने समस्या का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। बता दें फुलसूंगा स्थित जेष्ठा कॉलोनी में विद्युत व्यवस्था लम्बे समय से बदहाल है। दरअसल कालोनी में बिजली का संयोजन बिल्डर ने अपनी व्यक्तिगत फर्म के नाम से ले रखा है। कालोनीवासियों से बिजली कनेक्शन के नाम पर बिल्डर ने प्रति व्यक्ति 20 हजार रूपये वसूल किये हैं और वर्तमान में कालोनीवासियों से 9 रूपये प्रति यूनिट के हिसाब से विद्युत बिल की वसूली की जा रही है। करीब दुगनी कीमत पर बिजली देने के बाद भी बिल्डर ने कालोनी में विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया है। आये दिन कालोनीवासियों को विद्युत अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है, बदहाल व्यवस्था के कारण कालोनी में विद्युत फॉल्ट होना आम बात है और दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। कालोनी वासियों का कहना है कि कालोनी में विद्युत लाईनें जर्जर हाल हो चुकी हैं। जिसका खामियाजा कालोनीवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद इस मामले में कोई (शेष पृष्ठ सात पर)

## टक्कर मारकर ई रिक्शा छीन ले गए कार सवार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में ई रिक्शा को टक्कर मारने के बाद कार सवार ई रिक्शा चालक से मारपीट कर उसका वहां छीनकर भाग गए। नरेश कुमार पुत्र नारायन हाल निवासी मछली मार्केट ट्रांजिट कैम्प ने घटना की जानकारी की जानकारी देते हुए बताया कि वह एक ई रिक्शा यूके 06 ए एम 5600 का चालक है। 5 फरवरी को रात्रि लगभग 7 बजे में वह सवारी को अपने ई-रिक्शा में बैठाकर सिडकुल ढाल ट्रांजिट कैम्प से ग्रीन प्लाई फुलसुंगा की ओर जा रहा था। रास्ते में एक कार चालक ने उसके ई-रिक्शा में तेज गति से टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया और उसके पैर में गम्भीर चोट आयी तथा सवारी की आंख की गम्भीर चोट आयी है। ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त (शेष पृष्ठ सात पर)

# हर पंथ, हर समुदाय और हर धर्म के लिए युगांतकारी है यूसीसी: धामी

## बिना रजिस्ट्रेशन लिव इन रिलेशन पर होगा अनिवार्य प्रावधान

देहरादून(उद संवाददाता) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सबके हित में है और किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता का प्रदेश और देशवासियों को लंबे समय से प्रतीक्षा थी। सभी इंतजार कर रहे थे कि यह उत्तराखंड की विधानसभा में कब पेश होगा। अब यह इंतजार समाप्त हो रहा है। मंगलवार को यह विधानसभा में पेश हो रहा है। विधेयक के रूप में इस पर चर्चा होगी। पूरा देश उत्तराखंड को देख रहा है। उत्तराखंड के लिए यह युगांतकारी समय है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के उत्थान के लिए सभी लोग सकारात्मक रूप से चर्चा में भाग लें। यह हर पंथ, हर समुदाय और हर धर्म के लिए है। 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व हमने प्रदेश की जनता के सामने यह संकल्प रखा कि नई सरकार का गठन होते ही सभी धर्मों के लिए समान कानून पर काम करेंगे। समान नागरिक संहिता लाएंगे। वह समय अब आ गया है। हम सभी गौरवांवित हैं कि यह सौभाग्य उत्तराखंड को मिल रहा है, जिसे देश को लंबे समय से आवश्यकता थी। विपक्ष की शंकाओं पर धामी ने कहा कि भारत के संविधान के अनुरूप समान नागरिक संहिता रहेगी। अभी तो ड्राफ्ट सदन में आया नहीं है। विधेयक रूप में अभी उसे पेश होना है। इस तरह की शंका करना निराधार है। यह सबके हित में बनाया गया है। किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद प्रदेश में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के तौर पर जो रसीद युगल को मिलेगी उसी के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में धामी सरकार को सौंपे गए यूसीसी ड्राफ्ट में यह प्रावधान किया गया है। यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इसके मुताबिक, सिर्फ एक व्यस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। लिव-इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लिव-इन में रहने के लिए अनिवार्य पंजीकरण एक रजिस्टर्ड वेब पोर्टल पर कराना होगा। पंजीकरण के उपरांत उन्हें रजिस्ट्रार पंजीकरण की रसीद देगा। उसी रसीद के आधार पर वह युगल किराए पर घर या हॉस्टल या पीजी ले सकेगा। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी। लिव-इन के दौरान पैदा हुए बच्चों को उस युगल का जायज बच्चा ही माना जाएगा और उस बच्चे को जैविक संतान के समस्त अधिकार प्राप्त होंगे। लिव-इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को संबंध विच्छेद का पंजीकरण कराना भी अनिवार्य होगा।



## यूसीसी बिल पर चर्चा के लिए मिलना चाहिए समय : यशपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश होने से पहले कांग्रेस ने कार्यमंत्रणा में विपक्ष की बात को सुनने और सदन संचालन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल ने कहा कि विपक्ष की ओर से यूसीसी पर चर्चा के लिए समय देने की मांग की गई। लेकिन सरकार ने सुनने को तैयार नहीं है। संख्या बल के आधार पर हठधर्मिता से सदन को चलाने का प्रयास कर रही है। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक प्रीतम सिंह ने प्रदेश सरकार से सदन को कार्य संचालन नियमावली के अनुसार चलाने की मांग रखी। विपक्ष का कहना है कि प्रदेश सरकार यूसीसी विधेयक को सदन में पेश करना चाहती है तो इसे भोजनावकाश के बाद पटल पर रखा जाए। यूसीसी पर चर्चा के लिए समय मिलना चाहिए। इससे सभी विधायक यूसीसी के प्रावधानों पर अपनी बात रख सके। साथ ही प्रश्न काल और कार्यस्थगन प्रस्ताव में जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए उठा सके। कार्यमंत्रणा में विपक्ष की बात को अनसुना करने पर नेता प्रतिपक्ष आर्य और विधायक प्रीतम सिंह बैठक छोड़ दी। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष को कार्यमंत्रणा समिति से इस्तीफा भेज दिया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यूसीसी के नाम पर प्रदेश सरकार को सत्र को विशेष सत्र का रूप दे रही है। जो नियमों के विरुद्ध है। जबकि विधानसभा सचिवालय की ओर से विधायकों को जो सूचना दी गई है कि उसमें साफ है कि पांच सितंबर 2023 को आहुत सत्र को आगे बढ़ाया गया है। साथ ही 25 जनवरी 2024 को विधानसभा ने विधायकों ने नियम 58, 299 और 300 के तहत लोक महत्व से संबंधित सूचनाएं मांगी गई। लेकिन प्रश्न काल और कार्य स्थगन को सदन में न लाना नियमों के विरुद्ध है। प्रदेश सरकार विपक्ष को सुनने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात कर नियम विरुद्ध सदन संचालन को लेकर शिकायत दी।



# पूर्व मंत्री दिनेश धनै सहित कई नेता भाजपा में शामिल

देहरादून। लोकसभा चुनाव में अपने 70 फीसदी से अधिक वोट हासिल करने के लक्ष्य को साधने के लिए भाजपा ने सोमवार को उत्तराखंड जन एकता पार्टी, कांग्रेस और यूकेडी में सेंध लगाई। उत्तराखंड एकता पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनै सोमवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने अपनी पार्टी का विलय भी भाजपा में कर लिया। श्रीनगर गढ़वाल सीट से चुनाव लड़े यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष मोहन काला ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पीके अग्रवाल अपनी पत्नी लक्ष्मी अग्रवाल व समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। उनकी पत्नी पछवा दून की जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर थीं। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित यह ज्वाइनिंग कार्यक्रम तीन पालियों में हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र






स्वागत किया। भट्ट ने कहा, लगातार पार्टी में शामिल होने वालों का सैलाब बताता है कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में समूचा उत्तराखंड भी भाजपामय हो गया है, इसलिए मोदीजी के चुनावी रथ का राज्य की सभी सीटों पर प्रचंड जीत की हैट्रिक के साथ आगे बढ़ना निश्चित है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन एवं पुष्कर सिंह धामी का भी चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि मोदीजी के चुनावी रथ का राज्य की सभी सीटों पर प्रचंड जीत की हैट्रिक के साथ आगे बढ़ना निश्चित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समेत विपक्ष के पास न विचारधारा है, न मुद्दे हैं और न ही नेतृत्व है। कहा, यही वजह है कि भाजपा शामिल होने वालों का कारवां लगातार बढ़ने वाला है। यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं श्रीनगर से दो बार विधानसभा चुनाव लड़े मोहन काला ने भी सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। काला को पिछले विस चुनाव में 4000 से अधिक वोट मिले थे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य कोठारी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता मनोहर कांत ध्यानी भी उपस्थित थे। सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता लेने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनै ने कहा, वह पीएम मोदी और सीएम धामी के कामों से प्रभावित होकर उनकी संपूर्ण जन एकता पार्टी आज यहां है। वह टिहरी को भी प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला बनाने के संकल्प के साथ हम सभी भाजपा में आए हैं। बोले, कांग्रेस ने टिहरी में प्रत्याशी घोषित कर उन्हें धोखा दिया। बता दें कि 2022 के विस चुनाव में धनै ने 18,851 वोट हासिल किए थे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य सुषमा सजवाण, संगीता ज्याड़ा पूर्व प्रमुख आनंदी नेगी, समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं मीडिया प्रभारी पीके अग्रवाल ने अपनी पत्नी जिला पछुवादून की अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल व कई समर्थकों के साथ भाजपा शामिल होकर कांग्रेस को झटका दिया है। उनके साथ कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता किरण सिंह, सुरेंद्र ठाकुर व प्रदेश सचिव एस विक्रांत प्रजापति, रॉबिन चौधरी ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा, भाजपा के विचारों और मोदी-धामी के विकास के कार्यों से प्रभावित होकर हम पुनः पार्टी में आए हैं। उत्तरकाशी से वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमचंद रमोला ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा।

# कई वर्तमान कानूनों और व्यवस्थाओं को प्रभावित करेगा यूसीसी!

## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा: ड्राफ्ट सार्वजनकि नहीं हुआ लेकिन महिलाओं को अधिकार देने के संबंधी कानूनों में हम भी सरकार के साथ निश्चित तौर पर खड़ा होना चाहेंगे

देहरादून(उद संवददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने प्रदेश की धामी सरकार द्वारा यूसीसी बिल पेश करने को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया



व्यक्त करते हुए कहा है कि उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड, एक बहुत बड़ा दस्तावेज जो हमारे जीवन से संबंधित कई कानूनों व कई व्यवस्थाओं को लम्बे समय तक प्रभावित करेगा, अभी तक इसका ड्राफ्ट सार्वजनिक नहीं हुआ है। विपक्ष से उम्मीद की जा रही है कि उनको वह उसके पारण में विधानसभा में सहयोग करें अर्थात एक ऐसे ड्राफ्ट को पारित कर दें जिसको उन्होंने ठीक से पढ़ा भी नहीं और उसके विभिन्न प्राविधानों का क्या असर राज्य में रहने वाले लोगों के जीवन में पड़ेगा, विभिन्न वर्गों के जीवन में क्या असर पड़ेगा, उसका अध्ययन किए बिना, उसको समझे बिना, उस पर चिंतन किए बिना उसे पारित करें। सरकार बहुत जल्दी में है, उन्हें इस ड्राफ्ट में वोट नजर आ रहे हैं उन्हें राज्य के हित से वास्ता नहीं है, उनकी चिंता केवल चुनाव और वोट हैं। यह ड्राफ्ट आज के कई वर्तमान कानूनों को प्रभावित करेगा, कुछ नई व्यवस्थाएं खड़ी करेगा। क्या इस पहलू पर गहराई से व्यापक मंथन नहीं होना चाहिए? समाज पर उसका क्या असर पड़ेगा उसको समझे बिना राज्य के विपक्ष से उम्मीद की जा रही है कि वह भी उसको पारित करने में साथ दें, यदि विपक्ष ऐसा नहीं करेगा तो सरकार और भाजपा का पूरा प्रचार तंत्र उसको महिला विरोधी, हिंदू विरोधी, पता नहीं क्या-क्या विरोधी बताने में जुट जाएगा। जरा आप सोचिये कि एक ऐसी व्यवस्था इस ड्राफ्ट के पारण के बाद राज्य में लागू होगी जो लंबे समय तक हमारे आपके, सबके जीवन को प्रभावित करेगी, उसे बिना पर्याप्त अध्ययन किये और उसके प्रभावों का मूल्यांकन किए बिना, उसका विरोध या समर्थन कैसे किया जा सकता है ! इस सत्र में उसको विधानमंडल के पटल पर रखिए, बिल लाना है तो बिल लाइए उसको भी विधानमंडल के पटल पर रखिए या ज्यादा जल्दी हो तो उसको बजट सत्र में उसको पारित करवा लीजिए, क्योंकि वैसे भी यह कॉमन सिविल कोड नहीं रह गया है! आप राज्य की जनजातियों को इसके कार्य क्षेत्र से बाहर रखने जा रहे हैं। शायद सिख भाइयों को भी अब इसके कार्य क्षेत्र से बाहर रखेंगे, यह दोनों अच्छे निर्णय हैं। हम भी चाहते हैं कि लिव इन रिलेशनशिप को कानूनी स्वरूप दिया जाए। इसका दुरुपयोग हो रहा है, महिलाओं को अधिकार देने के संबंधी कानूनों में हम भी सरकार के साथ निश्चित तौर पर खड़ा होना चाहेंगे। लेकिन जिस चीज का मकसद केवल समाज के एक वर्ग विशेष को लक्ष्य बनाकर कानून बनाना हो तो वह हमारी परंपराओं के खिलाफ है। उत्तराखंड उदार परंपराओं वाला राज्य है, हिमालय उदार है, गंगा, यमुना, शारदा उदार है, हमारी संस्कृति उदार है, हमारी सनातन धर्म की परंपराएं उदार हैं और यदि हम राज्य की केवल 8 प्रतिशत आबादी को लक्ष्य बनाकर उनके वैत्यिक कानून में हक्स्तक्षेप करेंगे, उनके धर्म संबंधी मामलों में हक्स्तक्षेप करेंगे तो क्या पूरे देश और दुनिया में यह संदेश नहीं जायेगा कि उत्तराखंड जहां 91 प्रतिशत आबादी हिंदू है, जिस राज्य के अंदर 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी सवर्ण है उस राज्य ने 8 प्रतिशत आबादी की भावनाओं को समझे बिना उनके ऊपर एक ऐसा कानून थोपा जा रहा है जो उनको आशंकित कर रहा है, उनको डरा रहा है। क्या यह उचित नहीं होगा कि एक बार इस ड्राफ्ट के प्रोविजन पर उनके प्रतिनिधियों से भी बातचीत कर ली जाय। मैं इस राज्य का एक वरिष्ठ नागरिक हूं। मैं अपना कर्तव्य समझता हूं कि हमारे राज्य के अंदर सामाजिक सौहार्द बना रहे, सहिष्णुता बनी रहे, आपसी भाई-चारा बना रहे, हमारा कोई भी प्रयास यदि इसको कमजोर करता है तो इससे उत्तराखंड राज्य कमजोर होता है। वोट किसको ज्यादा मिलेंगे, किसको कम मिलेंगे, यह लोकतंत्र में होता रहेगा। कोई आवश्यक नहीं कि इस तरीके के कदम उठाकर उत्तराखंड में सत्तारूढ़ दल को लाभ ही हो जाए, नुकसान भी हो सकता है, लेकिन यह प्रश्न लाभ और नुकसान का नहीं है। राजनीतिक दलों को लाभ भी होगा, नुकसान भी होगा, होता रहा है और होता रहेगा। मगर राज्य के लोगों को नुकसान नहीं होना चाहिए, हमारी संस्कृति और हमारी परंपरा को नुकसान नहीं होना चाहिए। हमारी जो पहचान है, सहिष्णु उदार समावेशी उत्तराखंड की उसको नुकसान नहीं होना चाहिए। आपकी जल्दबाजी और एक तरफ सोच निश्चय ही उपरोक्त नुकसान पहुंचायेगी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# महिला आयोग ने महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा को लेकर दिए सतर्कता के आदेश

## आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने दुष्कर्म की घटनाओं का लिया संज्ञान



देहरादून। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने किशोरियों के साथ हुई घटनाओं का संज्ञान लेते हुए पुलिस से वार्ता की। यह मामले डोईवाला और पिथौरागढ़ के धारचूला में हुए हैं। आयोग ने महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता के आदेश दिए हैं। इसके अलावा अध्यक्ष ने हल्द्वानी में चलती कार में युवती से छेड़छाड़ की घटना पर भी संज्ञान लिया है। देहरादून के डोईवाला में नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के एक मामले में कुसुम कंडवाल ने एसओ डोईवाला से फोन पर वार्ता करते हुए मामले में जानकारी ली। एसओ ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी पीड़िता को इंस्टाग्राम पर बातचीत कर उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद दुष्कर्म किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, पिथौरागढ़ के धारचूला निवासी दो बहनों के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो जाने के मामले में एसपी पिथौरागढ़ से फोन पर वार्ता कर जानकारी ली। इसमें सामने आया कि उक्त घटना में आरोपी वहीं नाई का काम करता था, जो गायब किशोरियों को बहला फुसला कर बरेली ले गया था। उसे बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया व किशोरियों बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। कुसुम कंडवाल ने दोनों प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने नजदीकी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को इन मामलों के संबंध में जागरूक करें। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव व पॉक्सो अधिनियम से भी अवगत कराएं। हल्द्वानी में चलती कार में 22 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में भी अध्यक्ष ने संज्ञान लिया है। इसमें नोडल अधिकारी एसपी देहात ने बताया कि उक्त मामले में किशोरी आरोपियों के साथ स्वयं उनकी कार की अग्रिम सीट पर बैठी थी। युवती की गैंगरेप की शिकायत के अनुसार मामला दर्ज कर मेडिकल कराया गया है, इसमें दुष्कर्म की पुष्टि नहीं पाई गई है। उक्त मामले में पीड़िता के बयानों के आधार पर 354 में छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य दो आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुसुम कंडवाल ने कहा कि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए पुलिस को रात के समय वाहनों की चेकिंग बढ़ानी चाहिए।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# पौड़ी जिले के आदमखोर गुलदार को मारने के आदेश

देहरादून। प्रमुख वन संरक्षक वन्य जीव डॉ. समीर सिन्हा ने पौड़ी जिले के आदमखोर गुलदार को मारने के आदेश दिए हैं। गुलदार ग्राम ग्वाड़ और ग्लास हाउस श्रीनगर में पिछले दो दिन में दो बच्चों को मार चुका है। प्रभागीय वनाधिकारी को दिए आदेश में कहा, विशेष रूप से छोटे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए चिह्नित गुलदार को अंतिम विकल्प के रूप में मारने के आदेश दिए गए हैं। डीएफओ पौड़ी ने प्रमुख वन संरक्षक वन्य जीव को बताया, तीन फरवरी को गुलदार ने ग्राम ग्वाड़ पोस्ट खिर्सू निवासी 11 साल के अंकित पर गोशाला के सामने खेलते हुए हमला कर दिया था। गुलदार के हमले से अंकित की मौत हो गई थी। चार फरवरी को ग्लास हाउस रोड़ निवासी चार साल के अयान अंसारी को गुलदार घर के आंगन से उठा ले गया था। बच्चे का शव घर से 20 मीटर दूर झाड़ियों से बरामद किया गया था। डीएफओ ने प्रमुख वन संरक्षक को भेजी रिपोर्ट में कहा, इन घटनाओं के बाद भी गुलदार क्षेत्र में तैनात गश्ती टीम को घटनास्थल के पास दिखाई दे रहा है। जो पिंजरे में पकड़ में नहीं आ रहा और न ही ट्रैंक्युलाइज किया जा सका है। गुलदार मानव जीवन के लिए खतरा हो गया है। आदेश में कहा, जन सुरक्षा को देखते हुए गुलदार को पिंजरा लगाकर पकड़ने या ट्रैंक्युलाइज करने के सभी प्रयास किए जाएं। यदि इसके बाद भी पकड़ में नहीं आए तो गुलदार को मार दिया जाए। कहा, यह आदेश केवल चिह्नित गुलदार के लिए प्रभावी होगा। गुलदार को मारने की यह आज्ञा एक महीने तक वैध रहेगी, जो इस अवधि के बाद खुद समाप्त हो जाएगी। आदेश में यह भी कहा गया कि क्षेत्र में ट्रैप कैमरा और पीआईपी के माध्यम से गुलदार की उपस्थिति की निगरानी की जाए। ड्रोन से भी क्षेत्र में निगरानी की जाए।

# यूसीसी लागू कर इतिहास रचेंगे धाकड़ धामी: शिव अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधानसभा सत्र की कार्यवाही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ शामिल हुए रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कहा आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य इतिहास बनाने जा रहा है यह सभी के लिये गर्व का क्षण है कि उत्तराखंड राज्य में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यूसीसी कानून पेश करने जा रहे हैं जो उत्तराखंड की जनता को समान नागरिकता समान अधिकार के साथ जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह उनके भी गौरव की वह सदन का हिस्सा है जब समान नागरिक सहिता बिल पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सदन में पेश हुए इस कानून को लागू करने वाले हम देश के पहले राज्य बनने जा रहे हैं जिससे देवभूमि उत्तराखंड की जनता को एक राज्य एल कानून का अधिकार प्राप्त होगा समाज मे भेद भाव खत्म होकर आपसी तालमेल को बेहतर बनाने की ओर यह हमारी सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

# हाथियों ने सीतावनी मंदिर में की तोड़फोड़

रामनगर। रामनगर वन प्रभाग की कोटा रेंज स्थित सीतावनी मंदिर परिसर में हाथियों के झुंड ने पुजारी के कमरे में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर कोटा रेंज के कर्मचारियों ने रात्रि गश्त के दौरान हाथियों को भगाया। कोटा रेंजर रमेश चंद्र ध्यानी ने बताया कि इस समय हाथियों की आवाजाही इस क्षेत्र में बहुत ज्यादा है इसलिए लोग वन क्षेत्र के आस पास जाने में सावधानी बरतें। उधर, कॉर्बेट पार्क के बिजरानी रेंज के रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला ने बताया कि उनके कार्यालय में तैनात चौकीदार दीपक शर्मा गौजानी में रहता है। रविवार की रात को चौकीदार के मकान पर एक हाथी पहुंच गया, जिसने उसके मकान के आसपास की तारबाड़ को तोड़ डाला। सोमवार सुबह करीब पांच बजे के आसपास वह फिर से वहां पहुंच गया और उत्पात मचाने लगा। वन कर्मियों की टीम ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। वहीं नैनीताल की माल रोड पर सोमवार की दोपहर लावारिस पशु सैलानियों के पीछे दौड़ गए। हड़बड़ी में पर्यटक सड़क में ही गिर गया। इस दौरान एक दुकानदार भी बाल-बाल बचा। कुछ महीने पहले ही जिला प्रशासन ने मवेशियों को गौशालाओं में पहुंचाने के निर्देश दिए थे। संबंधित विभाग ने कुछ मवेशियों को तो गोशालाओं में पहुंचाया लेकिन फिर से वे सड़क पर नजर आने लगे हैं। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि जल्द ही टीम भेजकर इन मवेशियों को भी गोशाला में भेज दिया जाएगा।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# गर्ल्स कैरियर एंड गाइडेंस कार्यशाला 7 फरवरी को

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर में 7 फरवरी को गर्ल्स कैरियर एण्ड गाइडेन्स कार्यक्रम तथा 8 फरवरी एवं 9 फरवरी को दो दिवसीय एडोलसेन्स् कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा जिला उधम सिंह नगर के निर्देशा नुसार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी गणमान्यों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम मे अपनी गरिमामय उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की कुपा करने का आहवान किया है।

# शंकर प्रदेश उपाध्यक्ष व शिशुपाल बने जिलाध्यक्ष

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजवादी मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने शंकर सिंह यादव को ब्रिगेड का प्रदेश उपाध्यक्ष तथा भदईपुरा निवासी शिशुपाल सिंह यादव को बिग्रेड का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय महासचिव अरविंद ने दोनों पदाधिकारियों से पार्टी व संगठन की मजबूती के लिए काम करने का आह्वान किया। शंकर सिंह यादव व शिशुपाल सिंह यादव के मनोनयन पर संगठन के अनेक पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# खनन को लेकर बवाल, जमकर चले लाठी डंडे

बाजपुर (उद संवाददाता)। खनन को लेकर दो पक्षों में नदी के बीच जमकर लाठी डण्डे चले। मामला पुलिस चौकी पहुंचा तो वहां भी जमकर बखेड़ा हुआ। इस दौरान पुलिस का भी खौफनाक चेहरा सामने आया। नदी और चौकी में हुई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला सुल्तानपुर पट्टी का है। यहां खनन को लेकर कोसी नदी में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस दौरान दो पक्षों में जमकर लाठी डण्डे चले। इस खूनी संघर्ष में कई लोग घायल हो गये। मारपीट के बाद दोनों पक्ष सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में चौकी परिसर में दोबारा दोनो भिड़ गए। जिसमें दोनो पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर घायल हो गए। मामला बढ़ता देख पुलिस ने सख्ती दिखाई और मारपीट करने वालों पर टूट पडी। पुलिसकर्मियों ने चौकी पहुंचे कई लोगों को पीटकर चौकी के अंदर बैठा लिया। दोनों ही जगह हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होनें कहा कि सुल्तानपुर पट्टी चौकी के शिवनगर वार्ड 2 में अमर सिंह और शक्ति सिंह दोनों पडोसी हैं दोनों पक्ष में पुरानी मुकदमे बाजी है जिसके बाद दोनों परिवार में विवाद की स्थिति बनी रहती है। दोनों पक्ष एक खनन घाट पर काम कर रहे थे उसी बीच तू तू में में हो गयी और ये आपस में वहीं भिड़ गए। चौकी इंचार्ज को तत्काल हिदायत दी गयी है कि मामले मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करें।



# पीके अग्रवाल और लक्ष्मी अग्रवाल कांग्रेस से निष्कासित

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पी.के.अग्रवाल एवं श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल की पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उन्हें उनके दायित्वों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष नवप्रभात ने पी. के. अग्रवाल एवं श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल को पार्टी विरोधी गतिविधियों तथा केन्द्रीय नेतृत्व के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी के चलते उनके वर्तमान पदों से मुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पी. के. अग्रवाल एवं श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल ने 26 जनवरी जैसे महत्वपूर्ण पर्व एवं दिनाक 4 फनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी पछुवादून की महत्वपूर्ण बैठक के अवसर पर भी कार्यक्रम में शामिल होने से दूरी बनाये रखी तथा 28 जनवरी, 2024 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय नेतृत्व से अभद्रता की जिसे पार्टी नेतृत्व ने गम्भीरता से लिया तथा अनुशासनहीनता मानते हुए दोनों नेताओं को उनके पदों से मुक्त करते हुए पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया है। शीशपाल बिष्ट ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी एक अनुशासित संगठन है तथा इसमें यदि अनुशासनहीनता होती है तो उसे कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा तथा जो भी पार्टी अनुशासन की लाईन पार करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# चलती कार में गैंगरेप के मामले में आया नया मोड़: चारों आरोपियों को भेजा जेल

## एसएसपी मीणा ने किया खुलासा: युवती ने आपस में बात करते सुनकर बताये थे युवकों के नाम,सीसीटीवी में कैद हुई घटना

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में एक चलती हुई कार में हुए सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज अरोप लगाने वाली युवती ने अपने बयान बदल दिए है। जिससे मामले में अब नया मोड़ आ गया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मुकदमे की धाराएं बदल दी हैं। अब पुलिस ने अपहरण और छेड़छाड़ की धाराओं में जांच शुरू कर दी है। युवती ने मजिस्ट्रेट के सामने भी यही बयान दिए हैं। सोमवार को पुलिस बहुउद्देश्यीय भवन में एसएसपी ने बताया कि रविवार को एक युवती थाने पहुंची थी। उसने आरोप लगाया था कि शनिवार शाम को वह हीरानगर तिराहे पर खड़ी थी। इस दौरान सफेद रंग की कार उसके पास आकर रुकी। कुछ युवकों ने उसे खींचकर कार में बैठा लिया और उसका अपहरण हुआ। कार को अंदर से लॉक कर दिया। उसे शराब पिलाई। इसके बाद कार शहर में तीन घंटे दौड़ती रही। इस बीच उसके साथ कार में सामूहिक दुष्कर्म किया गया।एसएसपी के अनुसार, यह मामला युवती से जुड़ा था, इसलिए बिना कोई देरी किए दुष्कर्म व अपहरण की धारा में प्राथमिकी दर्ज की। एसपी सिटी हरबंस सिंह के नेतृत्व में कोतवाली, मुखानी, काठगोदाम और बनभूलपुरा थानाध्यक्ष की टीम बनाकर उन्हें इसकी जांच सौंपी गई। युवती का मेडिकल कराया गया जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद सीसीटीवी की जांच की गई। साथ ही मोबाइल की सीडीआर निकाली गई। मामले में दुष्कर्म की धारा को छेड़छाड़ में बदल दिया गया



है। छेड़छाड़ और अपहरण की धारा में प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि युवती की मां और भाई एक शादी समारोह में गए थे। युवती को भी वहीं जाना था। जब उसने अपने भाई और मां को फोन किया तो उसका फोन उठा नहीं। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटी तो उसने माता-पिता की डांट के डर से दुष्कर्म की बात कही। पुलिस ने गौजाजाली निवासी ऋषि सागर (29), मनोज सागर (38) निवासी दुर्गा कॉलोनी गौजाजाली, अक्षित बसी (26) निवासी गौजाजाली और धम्मी उर्फ धर्म कीर्ति (30) निवासी देवलचौड़ बंदोबस्ती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मनोज सागर व ऋषि को शनिवार की रात ही गिरफ्तार कर लिया था। रविवार को अक्षित व धम्मी को भी पकड़ लिया गया। कार सीज कर दी है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। युवती की ओर से दी गई तहरीर और मजिस्ट्रेट को दिए गए बयान में युवती ने बताया कि वह चार युवकों को नहीं जानती है। उसने कहा कि वह शराब पीकर एक-दूसरे का नाम ले रहे थे। इस कारण उसने अपनी तहरीर में चारों के नाम लिखे हैं। पुलिस के अनुसार, टाटा पंच कार मनोज सागर के नाम पर है। उसने दो महीने पहले ही नई कार खरीदी थी। अभी तक कार का नंबर भी नहीं आया है। पुलिस को सीसीटीवी से कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार हीरानगर तिराहे के पास युवती खुद कार में बैठती दिखाई दे रही है। युवती कार में आगे की सीट पर बैठी। मुखानी के पास लगे पुलिस के सीसीटीवी में भी यही दिखाई दिया। कार कुसुमखेड़ा वाइन शॉप के पास रूकती है। यहां से चालक उतरकर शराब खरीदता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि जब मुखानी में कार युवती को छोड़ने के लिए रुकती है तो यहां पर युवक उसे उतारकर आगे जाकर रूककर ये देखते हैं कि युवती ने किसे अपने को लेने के लिए बुलाया है। जब वह युवक उसे ले जाता है तो तब वे लोग वहां से जाते हैं। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि शनिवार रात पुलिस मुखानी थाना क्षेत्र की एक चौकी में आती है और छेड़छाड़ की शिकायत करती है। जब उससे तहरीर मांगी गई तो युवती वहां से चली गई थी।

# नकलरोधी कानून को मॉडल के रूप में लागू करेगी केंद्र सरकार

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के नकलरोधी कानून को केंद्र सरकार ने भी मॉडल के रूप में लिया है। सोमवार को लोकसभा में केंद्र सरकार ने इसका बिल पेश कर उत्तराखंड के धामी सरकार के कठोर कानून पर भी अपनी मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्र सरकार के इस निर्णय पर आभार जताया और कहा कि यह कानून नकल माफिया पर करारी चोट करेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कवच बनेगा। केंद्र सरकार ने आज लोकसभा में लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण बिल पेश किया है। यह बिल जल्द देश में नकलरोधी कानून का रूप लेगा। खासकर उत्तराखंड में इस तरह का कानून मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने फरवरी 2023 में लागू किया। यह



कानून अब तक देश के सबसे कठोर कानून में शुमार है। अब धामी सरकार के इस नकलरोधी कानून को केंद्र ने भी मॉडल के रूप में लेते हुए जल्द देशभर में लागू करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार का यह निर्णय निश्चित ही उत्तराखंड की धामी सरकार के नकलरोधी कानून पर मुहर लगाता है। उत्तराखंड में कानून लागू होने के बाद इसका परिणाम यह है कि अब राज्य में प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल समय पर हो रही हैं, बल्कि रिकॉर्ड समय में परिणाम जारी होने के बाद युवाओं को नौकरी भी मिल रही हैं। उत्तराखंड के कठोर नकलरोधी कानून में संगठित होकर नकल कराने और अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाने वाले मामलों में आजीवन कैद की सजा एवं 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। कानून में आरोपियों की संपत्ति भी जब्त करने की व्यवस्था है। इसके अलावा नकल करते पकड़े जाने पर 10 वर्ष की सजा के साथ ही 10 लाख रुपये जुर्माना है। अभ्यर्थी के नकल करते पाए जाने पर आरोपपत्र दाखिल होने की तिथि से दो से पांच वर्ष के लिए निलंबित किया जाएगा। दोष साबित होने पर उसे 10 वर्ष के लिए सभी परीक्षा देने से निलंबित कर दिया जाएगा। दोबारा नकल करते पाए जाने पर आरोप पत्र दाखिल करने से पांच से 10 साल के लिए निलंबित किया जाएगा। दोष साबित होने पर उसे आजीवन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।

# पत्नी पर हमला कर पति ने खाया जहर, मौत

खटीमा। चकरपुर में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में जहर खाने से मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से कमरे में घायल अवस्था में मिली। सूचना पर पुलिस ने महिला को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। चर्चा है कि मृतक ने पहले पत्नी पर फंटी से जानलेवा हमला किया और बाद में खुद जहर खाकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक, चकरपुर, महतगांव निवासी राज बहादुर (45) और उसकी पत्नी आशा (40) रविवार रात घर पर अकेले थे। राज बहादुर के पिता रिटायर पुलिस कर्मी नर बहादुर की तबीयत खराब होने पर मां और छोटा भाई उन्हें हल्द्वानी अस्पताल लेकर गए थे। दोनों पति पत्नी दोमंजिला मकान में अकेले थे। सुबह काफी देर तक घर का दरवाजा न खुलने पर लोगों को संदेह हुआ तो उन्होंने इसकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़ा तो वहां राज का शव पड़ा था और पत्नी लहूलुहान हालत में मिली। घटनास्थल पर जहर की शीशी और एक फंटी भी बरामद हुई। घर पर कोई दूसरा परिजन न होने के चलते पुलिस को भी घटना के बारे अधिक जानकारी नहीं मिल सकी।हल्द्वानी गए परिजनों को घटना की सूचना देने के बाद घायल महिला को 108 एंबुलेंस से खटीमा उप जिला अस्पताल भिजवाया गया। हालत गंभीर होने से डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, राज बहादुर की मौत जहर खाने से हुई जबकि महिला फंटी के वार से घायल हुई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। मृतक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि दंपती की कोई संतान नहीं है। प्रभारी सीओ ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि घटना की वजह का पता नहीं चल पा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# मदरसों को आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़ा जाये: कासमी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने सोमवार को विकास भवन सभागार पहुॅचकर बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों के प्रबन्धकों तथा प्रधानाचार्यो के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हमें सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ लेते हुए मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर तालीम मुहैया करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मदरसों को आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़ा जाये ताकि मदरसों से आईएएस, आईपीएस के साथ ही डॉक्टर्स व इन्जीनियर्स भी निकल सकें। उन्होंने कहा कि मदरसों का आधुनीकरण करना वक्त की जरूरत है। मुफ्ती कासमी ने मदरसों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने मदरसा प्रशासकों से कहा कि वे समय-समय पर शासन द्वारा जारी किए गए सभी नियमों और निर्देशों का पालन करें और सभी छात्रों की उचित देखभाल करें। कक्षाओं का उचित स्वास्थ्य और स्वच्छता और पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद मदरसा छात्रों के मुद्दों और समस्याओं को सख्ती से उठा रहा है और उनकी समस्या के निवारण के लिए



काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड राज्य के मदरसों में कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासरूम बनाए जाएंगे। परिषद अल्पसंख्यकों समाज सहित, सर्वांगीण विकास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के कार्यान्वयन पर काम कर रहा है। मदरसों में आधुनिक शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के आधारपर कार्य कर रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से कोई भी वर्ग, समाज, अथवा संगठन अछूता नहीं है। सरकार सबके लिए काम कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं है और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि जो मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त नहीं हैं, वह बोर्ड से मान्यता अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि गलत करने वाले मदरसा संचालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने विभिन्न संचालकों के बैठक में अनुपस्थित होने पर सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को दिये। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, सहित डॉ. शाह खान, उप रजिस्ट्रार अब्दुल यामीन, सहित इख्तयार अहमद बब्लू, निजाम अहमद आदि उपस्थित थे।

# तेंदुए के हमले की घटना की दोबरा होगी जांच

खटीमा। गोसीकुआं भुड़ाई गांव में 13 जनवरी की मध्यरात्रि विवाह समारोह के दौरान घर में सोए तीन लोगों पर हुए तेंदुए के हमले की घटना में नया मोड़ आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति में कुत्ते के काटने के लक्षण मिले हैं। इससे हरकत में आए वन विभाग ने दोबारा मामले की जांच शुरू कर दी है। वन विभाग तीनों घायलों को मुआवजे के रूप में इलाज के लिए प्राथमिक धनराशि भी दे चुका था। घोसीकुआं भुड़ाई गांव में तेंदुए ने घर में घुसकर भुड़ाई निवासी दिनेश सिंह राणा, भड़ा भुड़िया निवासी अनुराग और बिसौटा नौगवांनाथ निवासी रजनीश राणा को घायल कर दिया था। तीनों घायलों को अगले दिन खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर रूप से घायल दिनेश को बाद में अन्यत्र रेफर किया गया। वन विभाग ने तीनों घायलों को इलाज के लिए पांच-पांच हजार की तात्कालिक सहायता धनराशि भी दी थी। इसके अलावा घायलों के लिए मुआवजा की कार्रवाई शुरू की गई है। रविवार (चार फरवरी) को दिनेश की हालत दोबारा बिगड़ने पर उसे खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया। आपातकालीन सेवा में तैनात डॉ. केसी पंत ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉ.पंत ने बताया कि मरीज में कुत्ते के काटने के लक्षण दिख रहे थे। उसक मुंह से लार गिर रही थी। वह कुत्ते की तरह आवाज निकाल रहा था। इस संबंध में सीएमएस डॉ. सुषमा नेगी ने मामले का संज्ञान लेने की बात कही है।

# सीएम की घोषणाओं को मार्च तक पूरा करें: दीपक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग उत्तराखण्ड दीपक कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रट सभागार में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ गहनता से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने किसी कारणवश बजट आवंटन नही हुआ है तो वे जिलाधिकारी के माध्यम से शासन का पत्र प्रेषित करें। उन्होंने सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त शिकायत की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय लाते हुये मार्च 2024 तक हर घर को स्वच्छ पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अरोमा पार्क की समीक्षा के दौरान आरएम सिडकुल को निर्देश दिये कि सड़कों के निर्माण तेजी लाते हुये शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि



सीएम घोषणाओं की दौरान सम्बन्धित विभाग के अकिरियों को निर्देश दिये कि जिन घोषणाओं के शासनादेश होने के उपरांत कार्य चल रहा है उसे कार्यो में तेजी लाते हुये मार्च 2024 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि सीमान्तर्गत शिकायतों का निस्तारण करते हुये शिकायतकर्ता से पोर्टल के माध्यम से वार्ता अवश्यक करें। उन्होंने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यो में तेजी जिन लोगों द्वारा अरोमा पार्क में एक वर्ष से प्लांट लेकर कार्य नही किया जा रहा है उनके नोटिस देकर प्लांट निरस्तीकरण की कार्यवाही किया जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमओ को निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं व शिशु मृत्यु दर को रोकने हेतु आशा, एएनएम व सम्बन्धितों की जिम्मेदारी तय करते हुये मृत्यु दर को कम किया जाये। उन्होने सीएमओ को निर्देशित करते हुये कहा कि मार्च 2024 से पूर्व सभी लोगों का कैम्प लगाकर आयुषमान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि ब्लांक वार आयुषमान का डेटा दो दिन के भीतर उपलब्ध करये। पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने निर्देश दिये कि नशे को रोकने हेतु स्वास्थ्य व आबकारी विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये अभियान चलाये। उन्होने कहा कि 2025 तक प्रदेश को ड्रग्स मुक्त बनाना है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पीडी हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# खेल रहे मासूम को ट्रक ने कुचला

काशीपुर। ट्रक की चपेट में आकर मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम परमानंदपुर निवासी मो. सईद पुत्र नन्हे एसडीएम कोर्ट के पास निर्माणाधीन भवन में मजदूरी करता हैं। सोमवार को वह काम पर गए थे। दोपहर करीब दो बजे उसका चार वर्षीय बेटा अदनान घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने मासूम को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता सईद ने बताया कि बड़ा बेटा असद है। वह मजदूरी कर परिवार की गुजर बसर कर रहे हैं। उधर, पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चालक को हिरासत में ले लिया है।

# बाघिन सीरियल में नजर आएंगे हल्द्वानी के रोमांच मेहता

## छोटे पर्दे के दो दर्जन से ज्यादा सीरियल कर चुके हैं रोमांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विष्णुपुरी,गली नंबर 10 रामपुर रोड, हल्द्वानी निवासी रोमांच मेहता एक बार फिर टीवी सीरियल्स में दिखाई देंगे। वह आज 5 फरवरी सायं 9 बजे से स्टार भारत पर प्रसारित होने जा रहे ष्बाघिनष् सीरियल में मुख्य किरदार में दिखेंगे। देवों के देवङ्ग महादेव, कुल्फी कुमार बाजेवाला, कभी-कभी इत्तेफाक से और सिया के राम जैसे टीवी शो में अपनी भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय रोमांच मेहता ने हाल ही में 'बाघिन' नामक अपनी आगामी श्रृंखला के बारे में रोमांचक विवरण दिए। इस शो में अनेरी वजानी और अंश बागरी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जो तीन भाइयों के जीवन पर केंद्रित है, जिसमें रोमांच इनमें से एक भाई का किरदार निभा रहे हैं।



कलाकारों की टोली में अंश बागरी, कृप सूरी, जीशान खान, मृदुला ओबेरॉय, इकबाल आजाद, खुशी मिश्रा, डॉल्फिन दुबे और अन्य भी शामिल हैं। रोमांच मेहता ने कहा कि यह एक सीमित ओटीटी श्रृंखला है जिसमें ।12 एपिसोड शामिल हैं। वह जो किरदार निभा रहे हैं वह वास्तव में दिलचस्प है। वह सभी विवरण नहीं बता सकते, लेकिन आप सकारात्मक और थोड़ा नकारात्मक दोनों पहलू देखेंगे उनके किरदार की। कहानी में आश्चर्यजनक मोड़ हैं जो धीरे-धीरे सामने आएंगे और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर देंगे।सेट पर हर कोई प्रतिभाशाली और स्वागत करने वाला है। हम सभी बहुत अच्छे से मिलते हैं, जैसे एक परिवार एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिता रहा है। हमारे कलाकारों में युवा और अनुभवी कलाकारों का मिश्रण शामिल है, जो हर दिन अपने अनूठे गुणों को सामने लाते हैं। यही हमारी विशेषता है कास्ट और सीरीज बहुत खास हैं, उन्होंने आगे कहा बाघिन एक ऐसी सीरीज है जो इंसानों और जानवरों के बीच लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में एक अलौकिक मोड़ आता है जब नायिका एक बाघिन, जिसे बाघिन के नाम से जाना जाता है, की आत्मा उसके वश में हो जाती है। प्रतिशोध की इस कहानी में, शिकारी शिकार का शिकार बन जाता है क्योंकि नायक, एक बाघिन, अपने निधन के लिए जिम्मेदार लोगों से प्रतिशोध की मांग करके अपनी मौत का बदला लेने के मिशन पर निकलती है। यह सीरीज जल्द ही अतरंगी ऐप पर रिलीज होगी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने की लोकसभा चुनाव पर चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा ओबीसी मोर्चा नैनीताल की एक बैठक जिला अध्यक्ष नन्हे कश्यप अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्ष महामंत्री के साथ कुमाऊं सभागार कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा नेत्रपाल मौर्य, ओबीसी मोर्चा प्रभारी हरिमोहन अरोड़ा, प्रदेश



सहयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ महेन्द्र कश्यप, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मनोज वर्मा, जिला महामंत्री वीरेंद्र जयसवाल, दीपक गोस्वामी, जिला मंत्री हीरा लाल साहू, रामभरोसे प्रजापति, जिला सोशल मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा सुशील साहू, रोषपाल, सुरेंद्र कश्यप, आनंद कश्यप, सुरजीत साहू , रजनी कश्यप, जगदीश गोस्वामी, मनोज वर्मा, मदन गिरी गोस्वामी, राम शर्मा, शुभम कुमार, यज्ञप्रकाश वर्मा सहित समस्त ओबीसी के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री सहित सभी उपस्थित रहे।

# 40 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने करीब 1 वर्ष पूर्व नगर के मौहल्ला गूलरघट्टी निवासी जाहिद अली की तहरीर पर ठगी करने का मामला पंजीकृत किया था।तब से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। घटना के संबंध में कोतवाल अरुण



कुमार सैनी ने बताया कि अनिल चौधरी निवासी बिहार को इस मामले में गठित पुलिस टीम ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी द्वारा जाहिद अली के साथ ही नगर के करीब 50 लोगों के साथ 41 लाख रुपए की ठगी की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा बनाई गई अपनी मेल आईडी से मजदूर व बेरोजगार लोगों से संपर्क कर उनसे मेल आईडी बनाकर उसे आगे मर्ज कर लेने की बात कह कर रोजगार दिलाने का झांसा देता था। आरोपी द्वारा रुपया अलग-अलग बैंक खातो में मंगाया जाता था। कोतवाल ने बताया कि आरोपी को ट्रांजिट डिमांड के तहत रामनगर लाकर पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जिन-जिन बैंक खातों में आरोपी द्वारा पैसा मंगाया गया था उन बैंक खातों की भी जांच की जा रही है तथा इसमें जो भी लोग शामिल होंगे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के जेवर और नगदी सहित चोर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सोने के जेवरात सहित नगदी पर हाथ साफ करने वाले चोर को मुखानी पुलिस ने 6 घंटे में गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए जेवर, नगदी व अन्य सामान बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि 4 फरवरी को जितेन्द्र सिंह रावल पुत्र स्व. मोती सिंह रावत निवासी छड़ैल शिव शक्ति विहार थाने में तहरीर दी कि एक फरवरी को समय करीब 10 बजे प्रात: अपने परिवार के साथ जनेऊ संस्कार में चकलुवा गये थे। उस दौरान घर की चाबी उन्होंने घर के आंगन में छिपाकर रखी थी। अज्ञात चोर द्वारा उसी चाबी का प्रयोग कर उसी दौरान उनके घर में उनकी माता के कमरे में रखी अलमारी से उनकी माता की पुस्तैनी सोने की नथ, नगदी करीब 3 से4 हजार रूपये व कुछ कागजात जो एक डिब्बे में रखे थे को डिब्बा सहित चोरी कर ले गया। मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले



की विवेचना उपनिरीक्षक संजीत राठौर चौकी प्रभारी आरटीओ के सुपुर्द की गई।थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में विवेचक उनि संजीत राठौड़ चौकी प्रभारी आरटीओ रोड़ द्वारा मय टीम के आस- पास के करीब 100 सीसीटीवी कैमरो की फुटेज चौक की गयी तो घटना के दिन एक संदिग्ध व्यक्ति वादी के घर के आस-पास टहलता हुआ नजर आया। किन्तु उस दिन बारिश होने के कारण चेहरा स्पष्ट नही दिख रहा था। जाँच के पश्चात एक युवक को घर से चोरी हुई सोने की नथ आदि के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने अपना नाम पता मनोज आर्या उर्फ मुंशी पुत्र देवी दयाल निवासी बैलपोखरा बन्दरजूड़ा वैलपड़ाव थाना कालाढूंगी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद पीली धातु की नथ,नगदी2230 रूपये, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड आदि बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि मनोज के विरुद्ध पूर्व में कई आपराधि क मामले दर्ज हैं। पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक थाना मुखानी, उ0नि0 संजीत राठौड़ चौकी प्रभारी आरटीओ रोड़, हेका. इसरार नवी सीसीटीवी सर्विलांस पुलिस कार्यालय, का. रवीन्द्र खाती चौकी आरटीओ, महबूब अली थाना मुखानी, मनीष उप्रेती चौकी आरटीओ शामिल थे।

# केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने किया पंतनगर से अयोध्या के लिए फ्लाइट शुरू करने का अनुरोध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर पंतनगर से अयोध्या के लिए नई फ्लाइट शुरू करने का अनुरोध किया है। श्री भट्ट ने केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि उनके संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत पन्तनगर से अयोध्या तक नई फ्लाईट चलाने हेतु समस्त क्षेत्रीय जनता द्वारा निवेदन किया है, जो अति आवश्यक है। उन्होंने पत्र में कहा है कि अवगत कराना है कि प्रत्येक दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या जाते है। फ्लाईट न होने के कारण बड़ी परेशानियों का सामना करना पडता है। साथ ही काठगोदाम कुमाँऊ का



प्रवेश द्वार है, यहा पर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रो से लोग यात्रा हेतु आते है। दूरस्थ क्षेत्र से लोगो को अयोध्या जाने हेतु बरेली (उत्तर प्रदेश) जाना पड़ता है। अयोध्या में श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से यहाँ से लगातार लोगो का अयोध्या आना-जाना और अधिक संख्या में प्रारम्भ हो गया है। वही कुमाऊं मण्डल में नानकसागर, बौर जलाशय, जिम कार्बेट नैशनल पार्क, नैनीताल, रामगढ, भीमताल, कैंचीधाम, काकड़ीघाट, कौसानी, रानीखेत, विनसर, सूर्य मन्दिर कटारमल, देवीधुरा, मानिला, दूनागिरी, महावतार बाबा जी की गुफा, पूर्णागिरी, चितई गोलू देवता मंदिर, कसार देवी (अल्मोडा) योगदा, सत्संग, सोसायटी का कार्यालय (द्वाराहाट), चौकड़ी, मुनस्यारी, विर्थीफाल, पतालभुवनेश्वर (जमीन के अन्दर गहराई में गुफा), कैलाश मानसरोवर, बागेश्वर, हॉटकालिका, पिण्डारी ग्लेशियर जैसे रमणीय पर्यटक स्थल देश एवं दुनिया में पर्यटको एवं धार्मिक पर्यटकों के लिए आकर्षण के क्षेत्र हैं। श्री भट्ट ने कहा कि पन्तनगर से अयोध्या तक नई फ्लाईट चलाया जाना बेहद आवश्यक है लिहाजा इस विषय पर शीघ्र कार्य किए जाने का अनुरोध किया है।

# आरएएन की छात्रा को केन्द्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक महाकुंभ में अनेकानेक प्रकाशनों द्वारा साहित्य की विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि जगाने हेतु अपने विचारों को पुस्तक का रूप कैसे दें, इस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा रचित पुस्तकों पर चर्चा भी की गई। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी रिजूल मदान को अपनी अभी तक प्रकाशित दो पुस्तकों पर उत्साहवर्धन करने हेतु रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा एवं पंतनगर विश्वविद्यालय के डीन डॉक्टर शिवेंद्र कश्यप द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग



कमांडर एच.के. राय, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने रिजूल एवं उसके माता-पिता को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

# अपने समाज के उत्थान में योगदान करें युवा वर्ग: राजेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारत वर्षीय कसौधन वैश्य महासभा द्वारा अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महासभा को 1924 में स्थापित किया गया था। आयोजन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कसौधन राजेश कुमार गुप्ता दिल्ली और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री कसौधन मोहनलाल गुप्ता थे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त किये और बताया कि कैसे एक युवा अपने समाज उत्थान में योगदान कर सकता है। समाज में दहेज प्रथा को समाप्त करना, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अपने साथ संगठित करना और अब तक के कार्यों



का संक्षेप विवरण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कसौधन वैश्य समाज पिछड़ी जाति में आता है। लेकिन पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं जिसके लिए शासन और प्रशासन से मिलने व अनुरोध के लिए रूपरेखा का भी विचार किया जा रहा है।कार्यक्रम का संचालन कसौधन सभा हल्द्वानी के नगर अध्यक्ष कसौधन विजय कुमार गुप्ता व महामंत्री कसौधन उदय कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम संयोजक कसौधन सतीश चन्द्र गुप्ता व कसौधन अनिल कुमार गुप्ता रहे। इस मौके पर नगर के विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही सभी लोगों ने समाज को संगठित तथा समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर हल्द्वानी कसौधन परिवार की महिलाओं, युवाओं के साथ-साथ अल्मोड़ा, किच्छा आदि अन्य शहरों से भी अतिथियों ने इस आयोजन में भाग लिया।

# युवक की हत्या के मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाइपास मार्ग दिनेशपुर अंडरपास के पास गड्ढे में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने डीजे संचालक सहित दो युवकों पर हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। गत शनिवार ग्राम कुशालपुर निवासी स्व,बचन सिंह के बेटे जसपाल का शव बायपास मार्ग अंडरपास झाड़ियों में संदिग्ध अवस्था में मिला था। मृतक ग्राम लंगडा भोज निवासी रोहित सिंह के साथ मिलकर डीजे संचालन का काम करता था। जसपाल के बड़े भाई धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंप कर ग्राम लंगड़ा भोज निवासी रोहित सिंह और मोहित सिंह पर हत्या करने का संदेह जताते हुए मामला दर्ज करने की मांग की।धर्मेंद्र का कहना था कि घटना वाले दिन मोहित ने फोन करके दिनेशपुर अंडरपास के निकट जसपाल का शव मिलने और पुलिस द्वारा शव को अस्पताल ले जाने की सूचना दी थी थाने पहुंचने पर धर्मेंद्र ने पुलिस द्वारा खींचे गए फोटो को देखकर शव की शिनाख्त अपने छोटे भाई जसपाल के रूप में की धर्मेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम लंगड़ाभोज निवासी रोहित सिंह और मोहित सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दूतावास से जासूसी

रूस के मास्को स्थित भारतीय दूतावास में तैनात एक कर्मचारी की पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ को गुप्त दस्तावेज मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तारी से एक बार फिर यह जरूरत रेखांकित हुई है कि ऐसे कर्मचारियों पर नजर रखने का तंत्र और पुख्ता बनाया जाना चाहिए। हालांकि खुफिया तंत्र की निरंतर निगरानी की वजह से ही उक्त कर्मचारी के कारनामे उजागर हुए और जब वह उत्तर प्रदेश के अपने गांव लौटा तो वहां के आतंकरोधी दस्ते ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। एक लड़की के मोहपाश में फंस कर उसने यह सब किया। अब केंद्रीय गृह विभाग छानबीन कर रहा है कि उस कर्मचारी ने क्या-क्या गुप्त सूचनाएं आइएसआइ को मुहैया कराईं और उसकी एवज में कितने पैसे लिए। हालांकि यह पहली घटना नहीं है जब आइएसआइ को किसी सरकारी अमले ने महत्त्वपूर्ण गुप्त सूचनाएं उपलब्ध कराई। पिछले वर्ष रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ के एक बड़े अधिकारी को भी इसी तरह सूचनाएं पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ऐसी जासूसी की कोशिशें प्राय: हर देश करता है, इसलिए इससे निपटने के पुख्ता इंतजाम न हों, तो काफी नुकसान की आशंका बनी रहती है। भारतीय दूतावास के कर्मचारी को इसीलिए आइएसआइ ने अपने जाल में फंसाया कि वहां से सैन्य गतिविधियों की जानकारी आसानी से हासिल की जा सकती है। चूंकि सेना और दूतावासों के बीच नियमित रूप से सैनिकों की तैनाती, उनकी गतिविधियों आदि से जुड़ी जानकारियां साझा की जाती हैं, इसलिए वहां से उनके बारे में पता लगाना आसान होता है। जिस कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया, वह बहुउद्देश्यीय कार्यों में लगा हुआ था, ऐसी सूचनाओं तक उसकी पहुंच आसान थी। हालांकि दूतावासों, रक्षा अनुसंधान संगठन और दूसरे संवेदनशील, अतिगोपनीय और रणनीतिक कार्यों में लगे लोगों पर निरंतर निगरानी रखी जाती है, मगर ऐसे लोगों की राष्ट्र के प्रति निष्ठा ज्यादा महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। फिर भी आइएसआइ जैसे संगठन अपने बिछाए जाल और प्रलोभन में ऐसे इक्का-दुक्का घर के भेदियों को फांस लेते हैं। पाकिस्तान जैसे देश के लिए जासूसी करने या गोपनीय सूचनाएं उपलब्ध कराने वालों से इसलिए बड़ा खतरा है कि वह हमेशा भारत को अस्थिर करने की ताक में रहता है। छिपी बात नहीं है कि आइएसआइ अपने यहां प्रशिक्षित आतंकियों को भारतीय सीमा में भेजने की रणनीति बनाता रहता है। ऐसे में अगर भारतीय सेना की गतिविधियों की सूचना उपलब्ध हो जाती है, तो उसके लिए अपनी साजिशों को अंजाम देना आसान हो जाता है। हालांकि भारतीय सेना और खुफिया एजंसियां भारतीय नागरिकों के पाकिस्तान से संबंधों पर नजर रखती हैं, फिर भी अगर दूतावास जैसी जगहों पर काम करने वाला कोई कर्मचारी भी राष्ट्रद्रोह से बाज नहीं आता, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे लोगों पर निगरानी तंत्र को और चाक-चौबंद बनाने की जरूरत रेखांकित होती है। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ सकता। नियंत्रण रेखा पर वहां की सेना जब-तब गोलीबारी करके इसीलिए भारतीय सेना का ध्यान भटकाने का प्रयास करती रहती है कि आइएसआइ की रणनीति के तहत आतंकवादियों को सीमा पार भेजा जा सके। इस पर काफी हद तक अंकुश लगने के बाद वह भारतीय दूतावासों के जरिए सूचनाएं जुटाने का प्रयास करता है।

# भारत में फलने लगा है दुग्ध पदार्थों का कारोबार

**दूध की लगातार बढ़ रही मांग के कारण मिलावटी दूध का कारोबार भी गांव गांव फैलता जा रहा है**

पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की रिपोर्ट ने मवेशियों से दूध उत्पादन और और उसकी खपत की अर्थव्यवस्था के फलने-फूलने की रिपोर्ट जारी की है। भारत दूध उत्पादन में दुनिया में पहले सोपान पर पहले से ही है और विश्व के कुल दूध उत्पादन में भारत 24 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। बीते 9 वर्षों में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। नतीजतन प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2022-23 में 459 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। 9 वर्ष पहले यह उपलब्ता महज 300 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन थी। जबकि कुछ साल पहले दुग्ध उत्पादों के आयात की संभावना जताई जाने लगी थी। किंतु अब पशु संवर्धन के किए गए प्रयास रंग दिखाने लगे हैं। बीते एक दशक में दूध के उत्पादन एवं उत्पादकता में आजादी के बाद से सर्वाधिक वृद्धि हुई है। दूध की उपलब्धता बढ़ी तो भारतीयों के खान-पान की आदत में दूध और उसके उत्पादों का सेवन व खपत भी बढ़ गई। अब प्रत्येक भारतीय दुनिया में औसत खपत में से 65 ग्राम अधिक दूध पीने लगा है। दूध की वैश्विक औसत खपत फिलहाल 394 ग्राम प्रति व्यक्ति है। वैसे तो भारत में दूध पशुपालक उत्पादित करते हैं। उनका यह परंपरागत धंधा है, जिसे वे ज्ञान परंपरा से जानते व सीखते हैं। भारत में दूध, दही, घी और मक्खन का उत्पादन प्राचीन समय से चला आ रहा है। भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं दही, माखन की चोरी और फिर कंस को गोकुल से कर के रूप में दुग्ध उत्पादन नहीं भेजने के विरोध से जुड़ी हैं। दूध को लेकर कृष्ण के नेतृत्व में ग्वाल समाज का दूध के परिप्रेक्ष्य में शायद यह क्रांति का पहला उद्घोष था। इसके बाद ब्रिटिश साम्राज्य में यह विरोध देखने में आया और सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में इसने श्वेत या दुग्ध क्रांति के रूप में जन्म लिया। दरअसल जिस कैरा क्षेत्र से श्वेत क्रांति की शुरूआत हुई थी, वही आजादी के बाद खेड़ा जिला बना और वर्तमान में इसे ही आनंद के नाम से जाना जाता है। फिरंगी हुकूमत के दौरान पॉल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी। इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल गोधन, गोरस और गोदान की हिंदू जीवन शैली के अनुयायी थे। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की, इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। मिशिगन स्टेट विवि से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करके भारत लौटे वर्गीज कुरियन ने सरकारी नौकरी छोड़कर इस संस्था में काम शुरू किया और भारत का पहला दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया। इसके बाद किसानों की ज्ञान परंपरा और कुरियन के यांत्रिक गठबंधन से इस संस्था ने उपलब्धि का शिखर चूम लिया।बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम् भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं। वर्ष 2013-14 के दौरान देश में 1463 लाख टन दूध उत्पादन हुआ था, जो 2022-23 में बढ़कर 2306 लाख टन हो गया है। स्वतंत्रता के बाद दूध उत्पादन में यह सबसे अधिक वृद्धि है। भारत में प्रत्येक वर्ष दूध उत्पादन 5.9 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ रहा है, जबकि दुनिया में दूध की औसत वृद्धि दर्ज प्रतिवर्ष मात्र दो प्रतिशत है। भारतीय दूध की मांग विदेश में भी बढ़ रही है। लगभग 150 देशों में भारत के सह दुग्ध उत्पादों की मांग बनी हुई है। पिछले वर्ष 65 लाख टन दुग्ध उत्पादन का निर्यात हुआ था। इस निर्यात के 2024 में और बढ़ने की उम्मीद हैं। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री संजीव बालियान का कहना है कि 'देश की अर्थव्यस्था में डेयरी सेक्टर का योगदान पांच प्रतिशत है और यह लगभग आठ करोड़ लोगों के रोजगार का बारहमांसी मजबूत साधन है।' दूध की इस बड़ी अर्थव्यस्था में समृद्धि का रास्ता राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अस्तित्व में आने के बाद खुला है, इस योजना की शुरूआत दिसंबर 2014 में हुई थी। लक्ष्य था, वैज्ञानिक तरीके से देसी गो-जातीय प्रजातियों का विकास और संवर्धन। फलस्वरूप राज्यों में गायों और भैंसों के परंपरागत प्रजनन तरीके से अलग किसानों के दरवाजे पर कृत्रिम गर्भाधान और आईवीएफ सेवाएं उपलब्ध कराईं। इसके नतीजे कारगर निकले। इसके पहले देश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के नजरिए से वर्ण-संकर पद्धति पर जोर दिया जाता था, इससे वृद्धि तो हुई लेकिन गति अत्यंत धीमी रही। अतएव गोवंश वृद्धि के नए वैज्ञानिक तरीके अपनाए गए। दूध की इस बढ़ती खपत के चलते दुनिया के देशों की निगाहें भी इस व्यापार को हड़पने में लगी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी दूध का कारोबार करने वाली फ्रांस की कंपनी लैक्टेल है। इसने भारत की सबसे बड़ी हैदराबाद की 'तिरूमाला डेयरी' को 1750 करोड़ रुपए में खरीद लिया है। इसे चार किसानों ने मिलकर बनाया था। भारत की तेल कंपनी ऑइल इंडिया भी इसमें प्रवेश कर रही है। क्योंकि दूध का यह कारोबार विश्वस्तर पर करीब 16 फीसदी की दर से हर साल बढ़ रहा है। अमेरिका भी अपने देश में बने सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है। अमेरिका चीज ;पनीरद्ध भारत में बेचना चाहता है। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। इसलिए भारत के शाकाहरियों के लिए यह पनीर वर्जित है। गौ-सेवक व गउ को मां मानने वाला भारतीय समाज भी इसे स्वीकार नहीं करता। अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय-भैंसें भले ही कूड़े-कचरे में मुंह मारती फिरती हों,लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता ? लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत नहीं मिल पा रही है। लेकिन इससे इतना तो तय होता है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की निगाहें हमारे देसी दूध के कारोबार को हड़पने में लगी हैं। इतना व्यापक और महत्वपूर्ण व्यवसाय होने के बावजूद इसकी गुणवत्ता पर निगरानी के लिए कोई नियामक तंत्र देश में नहीं है। इसलिए दूध की मिलावट में इंसानी लालच बढ़ी समस्या बना हुआ है। हालांकि दूध में मिलावट का पता लगाने के लिए भारत में ही निर्मित एक नए यंत्र का निर्माण हुआ है। इसे वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् और केंद्रीय इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान ने मिलकर बनाया है। यह तकनीक कोई दूसरा देश अब तक विकसित नहीं कर पाया है। मिलावट की मामूली मात्रा को भी यह यंत्र पकड़ने में सक्षम है। साथ ही महज 40-45 सेकेंड में ही दूध के नमूने की जांच हो जाती है। इस यंत्र से दूध के नमूने को जांचने का खर्च केवल 5-10 पैसे आता है। इस नाते यह तकनीक बेहद सस्ती है। लेकिन इसकी कोई अभी तक सार्थक कोई उपयोगिता सामने नहीं आई है। हालांकि केवल दूध के नमूने की जांच भर से शुद्ध दूध की गारंटी संभव नहीं है। वह इसलिए, क्योंकि मवेशियों को जो चारा खिलाया जाता है, उसमें भी दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए रासायनिक तत्व मिलाए जाते हैं। यही नहीं दुधारू मवेशी दूध ज्यादा दें, इसके लिए ऑक्सीटॉसिन इंजेक्षन लगाए जाते हैं। इनसे दूध का उत्पादन तो बढ़ता है, लेकिन अशुद्धता भी बढ़ती है। दूध में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने के लिए कंपनियों में जो डिब्बाबंद चारा बनाया जाता है, उसमें मेलामाइन केमिकल का उपयोग किया जाता है,जो नाइट्रोजन को बढ़ाता है। जाहिर है, दूध की शुद्धता के लिए कारखानों में किए जा रहे इन उत्पादों पर भी प्रतिबंध लगाना जरूरी है। क्योंकि दूध के नमूने की जांच में वह दूध भी अशुद्ध पाया गया है, जिसमें ऊपर से कोई मिलावट नहीं की जाती है। यह अशुद्धता चारे में मिलाए गए रसायनों के द्वारा सामने आई है।मसलन दूध की कमी की पूर्ति सिंथेटिक दूध बनाकर और पानी मिलाकर की जाती है। यूरिया से भी दूध बनाया जा रहा है। दूध की लगातार बढ़ रही मांग के कारण मिलावटी दूध का कारोबार गांव-गांव फैलता जा रहा है। बहरहाल मिलावटी दूध के दुष्परिणाम जो भी हों, इस असली-नकली दूध का देश की अर्थव्यवस्था में योगदान करीब एक लाख 15 हजार 970 करोड़ रुपए का है। दाल और चावल की खपत से कहीं ज्यादा दूध और उसके सह-उत्पादों की मांग व खपत लगातार बनी रहती है।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# ट्रक चालक हजारों की नगदी सहित चंपत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर में माल उतारकर एक ट्रक चालक हजारों की नगदी समेत फरार हो गया। ट्रक स्वामी ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। मोहनलाल पुत्र सेवाराम निवासी मोहल्ला रामलीला कस्वा व थाना बहेडी जिला बरेली का कहना है कि उसका ट्रक रजिस्टेशन संख्या यूपी 25 सी टी 2055 है ।जिसका चालक नीरेश यादव पुत्र करनपाल सिहँ निवासी ग्राम मधुनगला थाना क्योलडिया हाल निवासी भटटा मोहल्ला थाना नवावगंज जिला बरेली में किराये पर रहता है। चालक नीरेश यादव दो फरवरी को लगभग 6 वजे साय रूद्रपुर मे माल उतार कर उसका भाडा 90 हजार रूपये लेकर गाडी को वही रोड साईड मे लगाकर रूपये लेकर भाग गया। गाडी मे जीपीएस लगा होने के कारण उसकी लोकेशन मिल गई और वह अपनी गाडी के पास पहुंचा। मौके पर ट्रक से दो वैटरा व जग राड गायव थे।

# 45 वारंटियों को भेजा सलाखों के पीछे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी नैनीताल द्वारा जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रेक डॉउनष के तहत एक ही रात में 45 वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।जनपद नैनीताल के सभी थानों में गठित टीमों द्वारा एक ही रात्रि में जिले के थानों में विभिन्न मुकदमों में लंबे समय से फरार वांछित 45 वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।




# धारचूला क्षेत्र से दो किशोरियों को भगाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। धारचूला क्षेत्र से दो किशोरियों को भगाने वाले समुदाय विशेष के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने बरेली से दबोचा है। फिलहाल, आरोपी को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जबकि, इससे पहले दोनों किशोरियों को सकुशल बरामद किया जा चुका है। बीती रोज धारचूला में किशोरियों की बरामदी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, बीती 3 फरवरी को धारचूला निवासी एक व्यक्ति ने धारचूला कोतवाली में एक तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि बीती 1 फरवरी को उनकी 14 और 15 साल की बेटियां बिना बताए घर से कहीं चली गई है। जो घर नहीं लौटी हैं। इसके अलावा काफी खोजबीन करने के बाद भी उनका पता नहीं चल पाया है। वहीं, तहरीर के आधार पर कोतवाली धारचूला में धारा 363 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई। वहीं, पिथौरागढ़ एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर लापता किशोरियों की तलाश के लिए पुलिस की टीम गठित की गई। किशोरियों को रोडवेज स्टेशन बरेली से सकुशल बरामद किया गया। पुलिस की मानें तो समुदाय विशेष का एक युवक किशोरियों को भगा ले गया। जिन्हें वो बेंगलुरु ले जाने की फिराक में था।



जिसके तहत धारचूला सीओ परवेज अली के निर्देशन में कोतवाली धारचूला पुलिस और एसओजी की टीम ने किशोरियों की तलाश में जुट गई। तमाम कोशिशों के बाद 4 फरवरी को दोनों किशोरियों के बयानों के आधार पर उन्हें भगाकर ले जाने वाले एक आरोपी इरफान पुत्र फिदा हुसैन निवासी नगरिया, इज्जतनगर बरेली (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही किशोरियों के आरोपों पर मामले में 3/4 पॉक्सो अधिनियम और धारा 376 भादवि की बढ़ोतरी की गई। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि धारचूला में रविवार को किशोरियों की बरामदी और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर व्यापारियों समेत स्थानीय लोगों ने जमकर बबाल किया था।पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह ने बताया कि धारचूला क्षेत्र से लापता 2 दोनों किशोरियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही बरेली से सकुशल बरामद कर लिया है। नाबालिग बालिकाओं को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। जनता से अपील है कि शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो तत्काल उसकी सूचना पुलिस को दें।

# फरवरी के अंतिम हफ्ते में आ सकता है प्रदेश का बजट

देहरादून। धामी सरकार आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बजट फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में ला सकती है। बजट सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में करने की पूरी संभावना है। इधर वित्त विभाग ने बजट बनाने की तैयारी पूरी कर ली है। फरवरी माह के दूसरे हफ्ते में बजट को फाइनल टच दे दिया जाएगा। बता दें कि बजट को जनाकांक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल हितधारकों के सुझाव भी ले चुके हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में उन्होंने हितधारकों के साथ बैठक की थी। इसके साथ अपर मुख्य सचिव (वित्त) आनंद बर्द्धन और सचिव (वित्त) दिलीप जावलकर प्रदेश सरकार के सभी विभागों से वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय के अनुमान प्राप्त कर चुके हैं। इन पर कई दौर की समीक्षा बैठकें भी हो चुकी हैं। महिलाओं, युवाओं, किसानों और उद्यमियों पर फोकस माना जा रहा कि धामी सरकार का बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों और उद्यमियों को पर केंद्रित होगा। नए शहरों को विकसित करने के साथ सरकार ऐसी योजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान बढ़ा सकती है, जिनसे महिलाओं के स्वरोजगार और उनकी आजीविका साधन से बढ़ाने में मदद मिले। इसके अलावा युवाओं के लिए कौशल एवं तकनीकी विकास पर फोकस होगा। मोटा अनाज, पॉलीहाउस, एप्पल मिशन के जरिये सरकार किसानों के लिए भी बजटीय प्रावधान बढ़ाएगी। उद्यमियों को निवेश के लिए प्रेरित करने और उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में बजट में प्रावधान हो सकते हैं। बजट से पूर्व सरकार आर्थिक सर्वेक्षण के जरिये अपनी सरकार की उपलब्धियों और आर्थिक प्रगति की तस्वीर भी बयान करेगी। नियोजन विभाग का अर्थ एवं संख्या निदेशालय आर्थिक सर्वेक्षण तैयार कर रहा है।

# बालिका गृह की नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी युवकों को किया गिरफ्तार

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। जिला बाल कल्याण समिति पिथौरागढ़ द्वारा थाना गंगोलीहाट में तहरीर दी गई थी कि एक 11 वर्षीय नाबालिग बालिका जो बालिका गृह कार्ड संस्था



जाखनी में रह रही थी जिसकी काउन्सलिंग कराने पर बालिका द्वारा बताया गया कि उसका शारीरिक शोषण हुआ है। मामले की जाँच कर उचित वैधानिक कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई। तहरीर के आधार पर थाना गंगोलीहाट में अभियुक्त कमल बोरा व नरी बोरा के विरुद्ध धारा 376 भादवि व 5/6 पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना महिला उनि आरती द्वारा सम्पादित की जा रही है। उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह के आदेशानुसार, अभियुक्तगमों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गयी। जिस पर थानाध्यक्ष गंगोलीहाट मंगल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गहन सुरागरसी-पतारसी करते हुए दोनों अभियुक्तों कमल सिंह उर्फ कमल बोरा पुत्र त्रिलोक सिंह, निवासी- ग्राम असेड़ी थाना लोहाघाट जिला चम्पावत, मूल पता ग्राम अस्कोडा रारीखूटी थाना गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ उम्र 19 वर्ष को उसके मूल निवास ग्राम असेड़ी थाना लोहाघाट, चम्पावत से तथा नरेन्द्र सिंह उर्फ नही बोरा पुत्र होशियार सिंह, निवासी ग्राम खड़कोली पोस्ट राड़ीखूटी थाना गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ उम्र 32 वर्ष को जूलीकोट बैण्ड गंगोलीहाट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। अभियुक्त गणों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गंगोलीहाट मंगल सिंह उनि आरती, हेड का. राजेन्द्र चन्द,दीपक धौनी, मनोज भट्ट, राजपाल सिंह शामिल रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में होंगे वादों के सुलह समझौते

हल्द्वानी।(उद संवाददाता)। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण , नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के मार्गदर्शन में दिनांक 09.03.2024 को उत्तराखंड के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का



आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी वाद जैसे की धन वसूली,संपति,वैवाहिक आदि अन्य दीवानी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा जिसमे न्यायालय शुल्क वापसी का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त भी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शामानीय आपराधिक वाद, चौक बाउंस केस,का भी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में कमर्शियल विवाद,श्रम विवाद,पारिवारिक विवाद,मोटर वाहन चलन संबंधी वाद,आदि प्रकार के वादों का शमन के आधार पर निस्तारण किया जाता है। लोक अदालत में पारित अवार्ड के विरुद्ध अपील नहीं होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली ,पानी,बीमा ,बैंक संबंधी प्री लिटिगेशन वादों का भी निस्तारण किया जाता है। लोक अदालत से पूर्व, माननीय उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल से प्राप्त दिशानिर्देश अनुसार, समस्त जिलों में ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पुलिस,बैंक,बीमा कंपनी, आर टी ओ,एवं अन्य विभागों के साथ ,लोक अदालत के सफल संचालन हेतु बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। माननीय उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा जिला नैनीताल, मुख्यालय स्थित जिला न्यायालय , एवं बाह्य न्यायालय हल्द्वानी एवं रामनगर में दिनांक 09.03.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अत: आम जन मानस से अपील है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में संबंधित वादों के सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु समय से माननीय न्यायालय उपस्थित आकर लोक अदालत को सफल बनाएं।

## पेज एक का शेष...

**हंगामे के बीच यूसीसी...**प्रक्रिया और नियमावली के अनुसार चले। जो उसके अनुसार चलता है। भाजपा इसकी लगातार उपेक्षा कर रही है। वहीं सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड के ही नहीं, देशभर के लोग यूसीसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंगलवार का दिन उत्तराखंड के लिए युगांतकारी समय है। पूरे देश की नजर हम पर है। मातृ शक्ति के उत्थान के लिए सभी दलों के सदस्य सकारात्मक रूप से चर्चा में भाग लें। सरकार जनता से किया वादा पूरा करने जा रही है। यह मौका सौभाग्य से उत्तराखंड को मिल रहा है, जिसकी देश को लंबे समय से आवश्यकता थी। बता दें यूसीसी विधेयक लागू होने के बाद तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा । तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा । गोद लेने के लिए सभी धर्मों का कानून एक हो जायेगा। संपत्ति बटवारे में लड़की का समान हक सभी धर्मों में लागू होगा । अन्य धर्म या जाति में विवाह करने पर भी लड़की के अधिकारों का हनन नहीं होगा । सभी धर्मों में विवाह की आयु लड़की के लिए 18 वर्ष अनिवार्य होगी। लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा । प्रदेश की जनजातियां इस कानून से बाहर होंगी । एक पति पत्नी का नियम सब पर लागू होगा, बहुपत्नी प्रथा समाप्त होगी।

**ज्येष्ठा कालोनी में जल्द...**सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो रही है। थक हारकर कालोनीवासियों ने बीते दिनों चुनाव के बहिष्कार का भी ऐलान किया था। मंगलवार को इस मामले में कालोनीवासियों के प्रतिनिधि मण्डल ने भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई। विकास शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दूरभाष पर विद्युत विभाग के एसडीओ अंशुल मदान से दूरभाष पर वार्ता की और उन्हें पूरे प्रकरण से अवगत कराया। विकास शर्मा ने कहा कि बिल्डर की मनमानी का खामियाजा कालोनी वासियों को भुगतना पड़ रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने एसडीओ से अन्य कालोनियों की तरह ज्येष्ठा कालोनी में भी विद्युत व्यवस्था सुचारू करने के लिए कहा। जिस पर एसडीओ ने मामले में शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान विकास शर्मा से मिलने वालों में गिरीश कबडाल, कुलदीप शर्मा, आर के सिंह, एसपी सिंह, सुभाष गोयल, आरडी यादव आदि शामिल थे।

**तमंचे की नोक पर..**साईकिल पर चलने लगा। थोड़ी ही दूरी पर पहुंचने पर मोटर साईकिलों पर अज्ञात व्यक्ति और आ गये सभी ने उसे घेर लिया और सून-सान जगह ले गये। जहाँ जबरदस्ती उसकी मोटर साईकिल रूकवा ली, और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा जबरदस्ती उसके मोबाईल से अपने मोबाईल पर फोन पे के जरिये 20 हजार रुपए डलवा लिये। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने तंमचा निकालकर उसकी कनपटी पर रख दिया और कहा कि यदि अपनी जिन्दगी चाहता है तो अभी दो चैक देने होगें। इसके बाद उनके साथ एक व्यक्ति उसके घर गया। चूँकि उसकी कनपटी पर तंमचा लगा हुआ था इसी कारण उसने अपने पुत्र को फोन किया और उक्त व्यक्ति को घर से दो चैक दिलवायें। जब वह व्यक्ति मौके पर पहुंचा तो उक्त व्यक्ति ने उक्त दोनों चैकों पर उसके हस्ताक्षर करा लिये। उक्त चैकों में एक चैक ब्लैंक है और एक चैक में 40 हजार रूपये अंकित करा लिये है। इन लोगों ने मोबाईल से उसकी वीडियों बनाई तथा जबरदस्ती उससे वीडियों रिकार्डिंग में कहलवाया कि उसने पुराने लेन-देन के लिए उक्त रकम दी है। अगर इन लोगों की बात नहीं मानता, तो ये लोग उसे जान से मार देते।

**घर से बुलाकर...**से लथपथ लेकर आया। उससे पूछा कि बेटे को क्या हुआ है तो उसने बताया कि तुम्हारा बेटा अटरिया मंदिर निकट पुल के पास खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुत्र आशु से पूछा कि तेरे को किसने मारा है तो उसने बताया कि 5 फरवरी को रात्रि के समय उसके मोबाइल पर कॉल आयी। जब वह घर के बाहर टहल रहा था। उसने बताया उसके बाद कुछ युवकों ने मिलकर उसे घेर लिया तथा जान से मारने की नियत से तलवार, गंडासा आदि से सर पर वार किया और गम्भीर चोट आने से वह बेहोश हो गया था। उसके बाद का उसे पता नहीं है।

**दुकान में भड़की आग...** पर मौके पर स्थानीय लोगों व उस सड़क से आने जाने वालों की भीड़ जमा हो गई। साथ ही दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिसके बाद उनके आसपास रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली।

**ई रिक्शा और..**निकाला। ट्रक चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही सिडकुल चौकी पुलिस कर्मी भी वहां आ पहुंचे। दुर्घटना में घायल नारायण कालोनी निवासी 24 वर्षीय गंगाराम पुत्र रामपाल, 25 वर्षीय प्रियंका पुत्री कांता प्रसाद, उसकी बहन 20 वर्षीय शिवानी, कृष्णा कालोनी निवासी 22 वर्षीय राधा पुत्री मुन्नालाल, ठाकुर नगर निवासी 22 वर्षीय आरती पुत्री इन्द्र देव, 12 वर्षीय दिव्य, मछली मार्केट ट्रांजिट कैम्प निवासी 24 वर्षीय विनोद पुत्र रमेश, राजा कालोनी निवासी 22 वर्षीय लालता प्रसाद पुत्र प्रेमराज सहित ई रिक्शा चालक रामबाबू को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये।समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के मध्य वार्ता हो रही थी।

**टक्कर मारकर...**हो गया। तभी कार में से 6 लोग उतरे जिन्होंने उससे मारपीट की और उसका ई रिक्शा छीनकर ले गए तथा धमकी दी। उसने बताया कि मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है।

# सामान के साथ दो चोर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फैक्ट्री में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। 3 फरवरी को सिडकुल के सेक्टर चार स्थित आर0के0आटो कंपनी के दिवाकर राणा पुत्र ए.के.राणा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि कम्पनी से अज्ञात चोरों ने मशीन के पुर्जे , टूल व डाई चोरी कर ली। घटना के अनावरण के लिए एसएसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। टीम ने छानबीन करते हुए मामले में गंगापुर निवासी अंकुल सिंह पुत्र राजेश सिंह एवं वार्ड नं. 19 सिरौली कला पुलभट्टा निवासी मौ0 दानिश पुत्र मौ0 उमर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया समान बरामद कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश राम विश्वकर्मा , उपनिरीक्षक कमलेश जोशी, कांस्टेबल पंकज पोखरियाल, कृपाल सिंह आदि थे।

# तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। तमंचा कारतूस के साथ पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर जिले भर में अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यूपी बॉर्डर पर ग्राम मटिहा में बलविन्दर सिंह पुत्र गुरमुख सिंह निवासी ग्राम ज्ञानपूर गौडी नानकमत्ता को तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सर्म्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षकलक्ष्मण जोशी,संजय कुमार, कांस्टेबल नवीन जोशी आदि शामिल थे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# विजयी मुस्कान में दिखे धामी: संविधान की मूल प्रति के साथ सदन में पहुंचे

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा सत्र का दूसरा दिन आज बेहद खास है। धामी सरकार जहां यूसीसी बिल को पास कराने के लिए पूरा जोर लगाए हुए है वहीं विपक्ष ने इस पर हंगामा खड़ा किया हुआ है। सुबह मुख्यमंत्री धामी संविधान की मूल कॉपी हाथ में लेकर सदन में पहुंचे। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष ने हंगामा किया। यूसीसी बिल को लेकर उत्तराखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हम लोग इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। बल्कि हम तो चाहते हैं कि सदन संवैधानिक प्रक्रिया और नियमावली के अनुसार चले। जो उसके अनुसार चलता है। भाजपा इसकी लगातार उपेक्षा कर रही है। उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पटल पर रखा तो विधानसभा में विधायकों ने वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे लगाए गए। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने देश की अहम तारीखों के सिलसिले में एक और अहम तारीख जोड़ दी है। देश के इतिहास में छह फरवरी 2024 की तारीख एक बेहद महत्वपूर्ण तारीख के तौर पर दर्ज हो गई है। उत्तराखंड सरकार ने आजाद भारत के इतिहास में पहली बार किसी राज्य में समान नागरिक संहिता कानून पेश किया है। सदन की कार्रवाई ग्यारह बजे शुरु होने के साथ ही पूरा सदन विधायकों से भरा हुआ था। प्रेस गैलेरी में भी पत्रकारों की भारी भीड़ थी। इसके साथ ही सदन के मुख्य हॉल के भीतर बनी ऑफिसर्स गैलरी में राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, राज्य के डीजीपी अभिनव कुमार समेत तमाम अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री धामी अपनी नियत स्थान पर बैठे थे। उनके ठीक बगल में राज्य के संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल मौजूद थे। तकरीबन पैंतीस मिनट की कार्रवाई के बाद कार्यमंत्रणा समिति में तय किए बिंदु तीन का समय आया। विधानसभा अध्यक्ष ने बिंदु तीन पढ़ने के लिए आवाज लगाई। नेता सदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा अध्यक्ष से समान नागरिक संहिता कानून, उत्तराखंड 2024 को सदन के पटल पर रखने की सदन के अनुज्ञा मांगी। इसके बाद उन्हें आज्ञा दी गई। इसके बाद बिंदु चार को पढ़ते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता कानून, उत्तराखंड 2024 को सदन के पटल पर रख दिया। इसके बाद सीएम धामी कुछ देर तक एक विजयी मुस्कान के लिए पूरे सदन को देखते रहे। यूसीसी का ड्राफ्ट सदन के पटल पर रखने के तुरंत बाद ही सीएम अपने स्थान पर फिर से बैठ गए। बीजेपी के विधायकों ने उनका अभिवादन शुरु किया। सीएम सदन में ही हाथ जोड़े हुए उनके अभिवादन का जवाब देने लगे। इसी बीच सदन में 'जय श्री राम' के नारे गूंजने लगे। सीएम मुस्कुराते बैठे रहे।



## 700 पेज के ड्राफ्ट पर बहस करना तो दूर पढ़ना भी मुश्किल

### कांग्रेस अध्यक्ष माहरा ने उठाये सवाल

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश सरकार की ओर से बनाए गए यूसीसी ड्राफ्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे राजनीतिक एजेंडा बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को इस तरह का कानून बनाने का हक ही नहीं है। कहा कि 700 पेज के ड्राफ्ट पर बहस करना तो दूर पढ़ना भी मुश्किल है। प्रदेश सरकार इस सत्र को विशेष सत्र का नाम दे रही है। जबकि यह पूर्व में आयोजित विधानसभा सत्र का विस्तार है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर से जिला स्तर तक बैठक कर लोगों से संवाद कर रही है। विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश होने से पहले बवाल हो गया। कांग्रेस ने कार्यमंत्रणा में विपक्ष की बात को सुनने और सदन संचालन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल ने कहा कि विपक्ष की ओर से यूसीसी पर चर्चा के लिए समय देने की मांग की गई। लेकिन सरकार ने सुनने को तैयार नहीं है। संख्या बल के आधार पर हठधर्मिता से सदन को चलाने का प्रयास कर रही है।



# सुशील गाबा का दक्ष चौक पर हुआ जोरदार स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर से लेकर अयोध्या धाम तक पैदल 475 किलोमीटर की पदयात्रा कर रामलला के दर्शन करने वाले सुशील गाबा का दक्ष चौक पर छात्र नेता जितेंद्र संधू के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। छात्र नेता जितेंद्र संधू एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से संबंध रखने वाले रामकुमार सिंह के नेतृत्व में दक्ष चौक पर जुटे दर्जनों युवाओं ने श्री गाबा के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर जय श्री राम के नारों के बीच माल्यार्पण कर बुके भेंट कर एवं मिष्ठान वितरण कर शानदार स्वागत करते हुए इस 475 किलोमीटर पैदल पदयात्रा को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। छात्र नेता जितेंद्र सिंह संधू ने समाजसेवी सुशील गाबा ने राम भक्ति एवं अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए जिस प्रकार भारी ठंड में रुद्रपुर से लेकर अयोध्या जी तक का 475 किलोमीटर का सफर पैदल तय करके रामलाल के दर्शन किए और क्षेत्र की तरक्की की प्रार्थना की है, उससे आज हमारा सर फक्र से ऊंचा हो गया है। रामकुमार सिंह बाबा ने कहा कि आज पूरे क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में केवल और केवल श्री रामचंद्र जी की इस अतुलनीय भक्ति का उदाहरण पेश करने वाले सुशील गाबा की चर्चा हो रही है। पूर्व छात्र संघ सचिव सचिन गंगवार ने कहा कि सुशील गाबा ने युवाओं के साथ-साथ पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत का कार्य करते हुए एक ऐसी मिसाल कायम कर दी है जिसका रुद्रपुर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से अंकन हो गया है। जब भी रुद्रपुर से कोई भी शख्स रामलला अयोध्या के दर्शन करने जाएगा तो वह इतनी लंबी दूरी के बीच एक न एक बार सुशील गाबा के पैदल पदयात्रा का स्मरण अवश्य करेगा। इस दौरान जितेन्द्र संधू, राम कुमार सिंह बाबा, पूर्व छात्रसंघ सचिव सचिन गंगवार, पूर्व उपसचिव निशान सिंह संधू, मोर सिंह यादव, अंकुर बांगा, करन साहनी, पंडित देव मेनन, रिंकू चौहान, सोनू ठाकुर, शिंटू दुबे, भट्ट जी, आकाश, धीरज गोस्वामी, प्रकाश पंत, योगेश अनेजा, राहुल छाबड़ा, फतेह सिंह, बंटी संधू, रवि, राजेश सिंह सहित दर्जनों युवा मौजूद थे।



# लव जिहाद पर भी लगेगा अंकुश

देहरादून। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में धामी सरकार ने आज (मंगलवार) को ऐतिहासिक कदम उठा लिया है। उत्तराखंड विधानसभा में आज सीएम धामी ने यूसीसी विधेयक को पेश कर दिया है। अब इसी के साथ ही उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करना धामी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 27 मई 2022 को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई (सेनि) की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की। समिति ने 20 माह के कार्यकाल में विभिन्न धर्मों, समूहों, आमजन व राजनीतिक दलों से संवाद कर संहिता का ड्राफ्ट तैयार किया। दो फरवरी को चार खंडों व 740 पेज का यह ड्राफ्ट समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा। अब इस विधेयक के कानूनी रूप लेने के बाद प्रदेश की आधी आबादी इससे सीधे लाभान्वित होगी। समिति ने ड्राफ्ट में लड़कियों के विवाह की आयु बढ़ाने, बहुविवाह पर रोक लगाने, उत्तराखंड में लड़कियों के बराबर हक, सभी धर्मों की महिलाओं को गोद लेने का अधिकार व तलाक के लिए समान आधार रखने की पैरवी की गई है। ड्राफ्ट में तलाक, तलाक के बाद भरण पोषण और बच्चों को गोद लेने के लिए सभी धर्मों के लिए एक कानून की संस्तुति की है। सभी धर्मों में विवाह की आयु लड़की के लिए 18 वर्ष अनिवार्य करने का प्रस्ताव किया गया है। बहुपत्नी प्रथा समाप्त कर एक पति पत्नी का नियम सभी पर लागू करने पर बल दिया गया है। जिससे लव जिहाद की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। प्रदेश की जनजातियों को इस कानून की परिधि से बाहर रखा गया है। यूसीसी ड्राफ्ट के तहत ये प्रमुख कानून बदल जाएंगे। संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान अधिकार सभी धर्मों में लागू रहेगा।

